वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-92 सागवाड़ा, बुधवार, 1 दिसम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

कोरोना पॉजिटिव महिला मिली,8 दिन पहले ही सूरत से लौटी, 50 लोग होम क्वारंटाइन

गलियाकोट की एक महिला कोरोना पॉजिटिव आई, आस-पास के घरों का सर्वे

गलियाकोट। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज सेंट्रल लेबोरेट्री से बुधवार को 46 सैंपल की रिपोर्ट सामने आई है। सीमलवाड़ा ब्लॉक में गलियाकोट की एक महिला कोरोना पॉजिटिव आई है। सीएमएचओ डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि पांच महीने बाद जिले में कोरोना का केस आया है। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद गलियाकोट सीएचसी के डॉ.जाखड़ के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम को संक्रमित महिला के घर भेजा। जहां से संक्रमित महिला अपने 2 बेटों के साथ पहले ही सूरत के लिए रवाना हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनसे बात की तो बताया कि पॉजिटिव का मैसेज आने के बाद वे सूरत अस्पताल में इलाज के लिए निकल गए थे। डूंगरपुर में 26 जून के बाद कोरोना का केस मिला है। 8 दिन पहले सूरत से अपने 2 बेटों के साथ लौटी महिला कोरोना पॉजिटिव आई है। 5 दिन पहले ही महिला के 1 बेटे की शादी थी। जिसमें 50 से ज्यादा लोग शामिल हुए थे।गलियाकोट की रहने वाली महिला 22-23 नवम्बर को सूरत में सैयदना साहब के दर्शनों के लिए गई थी। 23 नवंबर की रात को ही वापस लौटी। 26 व 27 नवंबर को महिला के घर उसके बेटे की शादी थी। 50 से ज्यादा लोग शामिल हुए। शादी के दूसरे दिन गई महिला को सर्दी-जुकाम व खांसी की शिकायत होने लगी। इस पर मंगलवार को ही गलियाकोट सीएचसी पर महिला और 34 लोगों के सैंपल लेकर सेंट्रल लैब में भेजा गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया। बेटे की शादी में आने वाले सभी लोगों की पहचान कर होम क्वारंटाइन कर दवाइयां दी जा रही है।

भीख भाई नहर के बारे में मंत्री मालवीय ने कहां पूरी केनाल तक पानी पहुंचाएंगे

जिलेभर में हुआ केबिनेट मंत्री मालवीय का स्वागत, चौरासी क्षेत्र में भगोरा ने तो सागवाड़ा में पालिकाध्यक्ष खोडनिया के नेतृत्व में हुआ स्वागत

सागवाड़ा। प्रदेश के जल संसाधन केबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया मंत्री बनने के बाद आज डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे के तहत सागवाड़ा पहुंचे। मालवीया के सागवाड़ा पहुंचने पर आदिवासी समाज ने सरोदा मोड़ पर स्वागत किया। नगरपालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया के नेतृत्व में सागवाड़ा शहर में जगह जगह मालवीय का स्वागत किया गया। मालवीया ने योगेन्द्रगिरी तीर्थक्षेत्र के दर्शन किये । वही मालवीया का परमारवाड़ा, मांडवी चोक, पर कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओ व आमजन ने फुलामाला से स्वागत किया इधर शहरवासियों ने अपने क्षेत्र से जुडी समस्याओं के सम्बन्ध में मंत्री मालविया को ज्ञापन भी सौंपे । वहां से मालवीया का काफिला गोल चौराहा पहुंचा । गोल चौराहा पर मंत्री मालवीया के साथ नवनिर्वाचित वल्लभनगर नगर विधायक प्रीति शक्तावत और धरियवाद विधायक नागराज मीणा व कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोड़निया भी पहुंचे । युथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी करते हूए ढोल नगाड़ों से मालवीया और नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत किया। यहां से पैदल जुलूस के रूप में मंत्री मालवीया व नवनिर्वाचित विधायक । सुरभि कॉम्प्लेक्स पहुंचे जहां नगरपालिका की ओर से नागरिक अभिनन्दन समारोह में बतौर अतिथि कार्यक्रम के भाग लिया। वही कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोड़निया ने शहर की जनता की ओर से जल संसाधन मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया व नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंत्री मालवीय ने कहा कि मालवीय ने कहा कि नदियों में बहकर जाने वाले पानी को रोकने की जिम्मेदारी मिली है। 15 दिसम्बर को संभाग की मीटिंग रखी है। इसमें प्लान बनाया जाएगा कि गुजरात जाने वाले पानी का उपयोग वागड़ के लिए कैसे किया जाए। मार्ग में कई ज्ञापन दिये है। उनका अध्ययन किया जाएगा। अधिकारियों को बुलाकर जिम्मेदारी दी जाएगी।भीख भाई नहर की स्थिति के बारे में जानकारी ली है। 70 द्मद्व तक पानी पहुंचा है। आने वाले समय मे पूरी केनाल तक पानी पहुंचेगा।

डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, असरार अहमद, शंकरलाल अहारी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष और जिला परिषद सदस्य हरिश अहारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

डूँगरपुर।प्रदेश के जन संसाधन कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया शपथ लेने के बाद पहली बार बुधवार को डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहे इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व डूँगरपुर-बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया, कार्यक्रम के दौरान उन्होंने वागड़ गांधी स्व भीखाभाई भील व स्वतंत्रता सेनानी भोगीलाल पण्ड्या को नमन करते उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। ब्लाक कांग्रेस कमेटी सीमलवाड़ा चौरासी विधानसभा क्षेत्र द्वारा पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के नेतृत्व में मंत्री मालवीया का आतिशबाजी एवं ढोल-बाजे के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया स्वागत अभिनंदन के दौरान सैकड़ों लोगों ने मंत्री मालवीया का फूल - मालाओं से स्वागत कर उन्हें बधाई प्रेषित की। चौरासी विधानसभा के सीमलवाड़ा नगर में प्रवेश करते हुए मालवीय ने स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय स्वतंत्रता सेनानी भोगीलाल पंड्या के स्मारक स्थल पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित की गई इस दौरान गांधीवादी नेता चौरासी के पूर्व विधायक शंकरलाल अहारी, जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रियकांत पंड्या ,ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार, विधानसभा प्रत्याशी पूर्व प्रधान मंजुला रोत , पूर्व प्रधान चीखली महेंद्र बरजोड, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महामंत्री मुस्ताक अहमद पठान, जिला महामंत्री हबीब भाई फुमती , जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व प्रधान प्रत्याशी ,पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, विपिन कोठारी, नूर आलम खा मकरानी, ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रेमचंद भगोरा संगठन महामंत्री सुरेश भोई विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष बाल गोविंद पाटीदार , सीमलवाड़ा क्रय-विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन धर्मेंद्र भगोरा,पुरषोत्तम पण्ड्या,जगदीश पंड्या पाटीदार ,महिला कांग्रेस सविता पाटीदार माधव लाल पाटीदार ,ओबीसी से अमृतलाल कलाल, सरपंच नानालालरोत , चारवाड़ा सरपँच श्रीमती इंदिरा अहारी, सरपंच, संजय कलासुआ ,इमरान पटेल ,हेमंत शाह राकेश शाह, विभीषण भगोरा, शाहिद बंगा, फ़ता भाई डामोर, लाल शंकर भगोरा, मोहन डामोर, कालू भाई डामोर, पँचायत समिति सदस्य विमलप्रकाश डोडियार, हीरा भाई, रमन भाई, राकेश डामोर, लक्ष्मण लाल रमेश हीरालाल कांतिभाई रायसेन देवजी भाई अल्पसंख्यक महामंत्री अब्दुल गनी शेख अब्दुल रजाक अनवर शाहनवाज, मोहसिन ,पंकज समस्त सरपंच , वार्ड पंच ,पंचायत समिति सदस्य ,जिला परिषद सदस्य ,बूथ इकाई एवं सभी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

कार्यकर्ताओ का सर्वाधिक उत्साह चौरासी विधानसभा के सीमलवाड़ा व झोथरी पँचायत समिति के चारवाड़ा ग्राम पंचायत में दिखा जहां सरपँच श्रीमती इंदिरा अहारी के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री मालवीया का शानदार स्वागत किया गया।

शारदा को पालनहार योजना से मिली राहत

गलियाकोट।। पंचायत समिति गलियाकोट की ग्राम पंचायत पारडा मेहता में आयोति प्रशासन गांवों के संग शिविर में पहुंची शारदा पत्नी सुंदर पारगी निवासी बोरखेड़ा ग्राम पंचायत पारडा मेहता को पालनहार योजना में लाभान्वित कर राहत प्रदान की गई। शारदा के पति की मृत्यु सितंबर 2020 में हुई थी। उन्होंने बताया कि उनके चार संतान है जिसमें से एक पुत्र कक्षा चार में अध्ययनरत है। शिविर में उन्हें पालनहार योजना के तहत आवेदन करवाते हुये स्वीकृति जारी की गई। शारदा ने बताया कि इसके अलावा उसे उज्जवला योजना में गैस सिलेंडर, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना स्वच्छ भारत के तहत शौचालय का लाभ मिल चुका है।

कैबिनेट मंत्री मालवीया का जिलेभर में अलग-अलग जगहों पर कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओ व आमजन ने किया स्वागत

डूंगरपुर। प्रदेश के जल संसाधन केबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीया मंत्री बनने के बाद आज डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे इस दौरान मंत्री मालवीया का जिलेभर में अलग-अलग जगहों पर कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओ व आमजन ने स्वागत किये। अपने दौरे के तहत मंत्री मालविया सबसे पहले गलियाकोट पहुंचे जहा पर कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओ ने मंत्री मालवीया का स्वागत किया। इसके बाद मंत्री मालविया ने गलियाकोट में शीतला माता मंदिर में दर्शन करते हुए पूजा-अर्चना की वही गलियाकोट में पीरफखरुद्दीन बाबा की दरगाह में जियारत की। इसके बाद मंत्री मालविया का काफिला यहाँ से रवाना हुआ जगह-जगह पर मंत्री मालविया का

स्वागत किया गया। गलियाकोट से मंत्री मालविया, चितरी, बडगी, चिखली, दरियाटी, कुआ, सीमलवाडा, चारवाडा, झोथरी, गेंजी, डूंगरपुर, बिलडी, दोवडा, पुनाली, पूंजपुर, पाडवा, सागवाडा, खडगदा, जोगपुर गाँवों में पहुंचे जहा पर कांग्रेसी नेताओं, कार्यकर्ताओ व आमजन ने मालविया का स्वागत किया। इधर इस दौरान ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र से जुडी समस्याओं के सम्बन्ध में मंत्री मालविया को ज्ञापन भी सौपे। इस दौरान मंत्री मालविया ने उनके विभाग से जुडी समस्याओ के जल्द समाधान के आश्वासन ग्रामीणों को दिए।

मौसम- जिलेभर में बारिश के साथ ठंड बढ़ी, तापमान 19 डिग्री से नीचे रहा

सागवाड़ा। अरब सागर में बने लो प्रेशर सिस्टम का असर बुधवार से दिखने लगा। डूंगरपुर में सुबह से ही हल्की और मध्य बारिश का दौर चलता रहा। बारिश से मौसम ठंडा हो गया। गुजरात, राजस्थान समेत उत्तर भारत के सभी राज्यों में दिख रहा है। मौसम विभागने डूंगरपुर सहित भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, बांसवाड़ा, पाली, टोंक, बूंदी, अजमेर कई जिलों और आसपास के क्षेत्रों में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश की संभावना है जताई थी। वहीं, उदयपुर के लिए मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के 80 फीसदी एरिया में सुबह से घने बादल छाए रहे। बादल छाने की वजह से राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान बढ़ गया है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 3 दिसंबर तक प्रदेश के अधिकांश शहरों में दिन का तापमान 20 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं कुछ शहरों में तो यह 20 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे जा सकता है।डा. हेमेंद्र पाटीदार ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम, खांसी, सिरदर्द और बुखार जैसी शिकायत हो सकती है।

डूंगरपुर- ओमिक्रोन के खतरे पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, 1 हजार बेड पर मिलेगा ऑक्सीजन

प्रत्येक सीएचसी व पीएचसी को 10 से 20 सेम्पलिंग का टारगेट , अब तक 11 लाख का टिकाकरण हुआ

डूंगरपुर। कोरोना संक्रमण के चलते स्वास्थ्य विभाग ने सैंपल की संख्या बढ़ा दी है। जिले में कोरोना को लेकर 1500 बेड है। जिसमें से 1 हजार बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा है। कोरोना की तीसरी लहर के संकेत मिलने के बाद डूंगरपुर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग संक्रमितों के इलाज को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। जिले में करीब 12 करोड़ रुपए से अधिक का खर्च कर 1 हजार से ज्यादा बेड पर ऑक्सीजन मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण और सेम्पलिंग पर भी जोर दे रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 3 नए ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट लगाए गए हैं। इनकी क्षमता 3 हजार एलपीएम (लीटर प्रति मिनट) ऑक्सीजन जनरेशन की क्षमता है। 450 एलपीएम का एक प्लांट पहले से ही है। अब यहां के सभी 350 बैड हाई फ्लो ऑक्सीजन पर चलेंगे। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की पीएचसी तक ऑक्सीजन बेड व्यवस्थित कर दिए हैं।डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 600 बेड है। जिसमें से करीब 350 बेड कोविड डेडिकेटेड हॉस्पिटल में है। इसके अलावा 42 बेड का आईसीयू वार्ड में वेंटीलेटर की सुविधा है। उप जिला अस्पताल सागवाड़ा में 60 बेड लगे हुए है। 16 सीएचसी व 60 पीएचसी पर 840 बेड की सुविधा है।सीएमएचओ डॉ.राजेश शर्मा ने बताया कि कोरोना की तीसरी लहर और नए वेरियंट को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से नए वैरिएंट से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए नई रणनीतियों पर काम किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना सेम्पलिंग बढ़ाई गई है। प्रत्येक सीएचसी व पीएचसी को 10 से 20 सेम्पलिंग का टारगेट दिए है। शैक्षणिक संस्थानों में रेंडम सैपलिंग शुरू कर दी है। जिले में 11 लाखलोगों का टीकाकरण किया गया है।

ात में बाइक स्लीप, युवक का सिर फटा मौके पर ही मौत

दाबाद जाते समय NH-48 पर हादसा

ड़ा। बारिश के चलते बुधवार स्लीप होने से युवक की सिर इक उससे करीब 50 फीट दूर युवक उदयपुर का रहने वाला ाद जाने के लिए मंगलवार निकला था। पुलिस ने मृतक मोबाइल से उसके बड़े भाई ी जानकारी दी। परिजनों के टमार्टम करवाकर शव सौंपा के अनुसार राजेश (22) पुत्र ाइक से अहमदाबाद मजदूरी करने जा रहा था। वह उदयपुर जिले के जाम्बुडा गांव का रहने वाला था। मंगलवार रात ही घर से निकला था। बिछीवाड़ा नेशनल हाइवे 48 पर लेहणा घाटी में बुधवार सुबह बरसात के कारण बाइक स्लीप हो गई। 50 फीट दूर जाकर गिरे युवक का सिर फट गया और पैर टूट गए। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, तुलसीराम और जितेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

गांधी जीवन दर्शन के प्रशिक्षण में चौरासी युवा कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

सीमलवाडा। जयपुर में महात्मा गांधी जीवन दर्शन के प्रक्षिक्षण में भाग लेने चौरासी विधानसभा से भी युवा कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी व उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में सम्मिलित हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस विधि समन्यवक एडवोकेट श्रीमती निमिषा भगोरा, उमेश रावल, चिखली ब्लॉक सयोंजक कारीलाल मीणा, सह सयोंजक आकाश माली, सीमलवाड़ा सयोंजक रूपचंद भगोरा ,सह सयोंजक उदयलाल बंजारा , सागवाड़ा सयोंजक अजित सिंह चौहान , आसपुर सयोंजक वालजी भाई पाटीदार सह सयोंजक मणिलाल सुथार ने भाग लिया।

पाटीदार समाज की बैठक

पाटीदार समाज प्रगति मण्डल की नई जिला कार्यकारिणी का गठन

सागवाड़ा। श्री गुजराती पाटीदार समाज प्रगति मण्डल डूंगरपुर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वासुदेव पाड़वा तथा जिला महामंत्री मोहनलाल वान्दरवेड़ ने आज विद्यानगर पंचवटी सागवाड़ा में आयोजित बैठक में प्रगति मण्डल जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। बैठक की अध्यक्षता विद्यानगर चेयरमेन डायालाल विकासनगर ने की। मुख्यातिथि पाटीदार समाज के प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाड़वा थे। विशिष्ट अतिथि दलपतराम माण्डव थे। स्वागत प्रगति मण्डल जिलाध्यक्ष वासुदेव पाटीदार

पाडवा ने किया। संचालन महामंत्री मोहन लाल वान्दरवेड़ ने किया। आभार डायालाल घाटा का गांव ने व्यक्त किया। बैठक में नई जिला केन्द्रीय कार्यकारिणी में संरक्षक चन्द्रकान्त पाडलिया, जिलाध्यक्ष वासुदेव पाड़वा, जिला महामंत्री मोहनलाल वान्दरवेड़, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरिशचन्द्र अम्बाड़ा, जिला उपाध्यक्ष लालशंकर पुनाली, कमलाशंकर झलाप, किशोरकुमार सामलिया, सचिव कांतिलाल कानपुर, सहसचिव गणेशलाल दिवडा छोटा, सयुक्त सचिव वासुदेव सामलिया, वरिष्ठ संगठन मंत्री हितेन्द्र सिलोही, संगठन मंत्री गटुलाल शिवराजपुर, सह संगठन मंत्री वासुदेव गोवाड़ी, कोषाध्यक्ष वासुदेव जेठाणा, सह कोषाध्यक्ष विनोद पाटीदार पूंजपुर, जिला प्रवक्ता डायालाल घाटा का गांव, मीडिया प्रभारी जगदीशचन्द्र पादरा, धनेश्वर माण्डव, कार्यालय मंत्री देवीलाल खेड़ा कचवासा, देवीलाल ओड को बनाया गया है। साथ ही प्रगति मण्डल ने कुछ समितियों का गठन भी किया है जिसमें सामाजिक समिति का अध्यक्ष रमणलाल घाटा का गांव, उपाध्यक्ष दिनेशचन्द्र नन्दोड़,लालशंकर ओड, आर्थिक समिति का अध्यक्ष रमणलाल वान्दरवेड़, आध्यात्मिक समिति का अध्यक्ष खेमजी भाई पादरा ओर सामूहिक विवाह समिति का अध्यक्ष मोहनलाल सेमलिया घांटा को बनाया गया है।

॥ प्रथम पुण्यतिथि ॥

माँ जब से मेरी तेरे संग ये दूरी हो गयी, जिन्दगी जीना जैसे एक मजबूरी हो गयी,
आज पूरी तो हो गयी हर ख्वाहिश मेरी, मगर तेरे बिना जिन्दगी अधूरी हो गयी।

श्रीमती लक्ष्मी देवी पटेल

W/o श्री नानजी पटेल, निवासी-इन्दौड़ा (आसपुर) की प्रथम पुण्यतिथि पर हम समस्त परिवारजन उन्हें सहृदय श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत :- नानजी पटेल (पति), किरण पटेल-गणेश पटेल (पुत्रवधु-पुत्र), लीला देवी पटेल-नारायण पटेल (पुत्रवधु-पुत्र), जमना देवी-गोकलजी पटेल (पुत्री-दामाद), एलेक्स पटेल (पौत्र), पेम देवी-रामजी पटेल (देवरानी-देवर), दिनेश, कान्ति (भान्जा), पायल, प्रिया, प्रेरणा (पौत्री) एवं समस्त पटेल परिवार इन्दौड़ा